# सिंधु-लक्ष्य-सात्विक क्वार्टरफाइनल

## सिंगापुर ओपन में भारतीय शटलरों का शानदार प्रदर्शन जारी

- पी.वी. सिंधु ने जापान की रिको गुंजी को सीधे गेम में हराया
- लक्ष्य सेन को प्रतिद्वंद्वी के रिटायर होने से मिला फायदा





**सिंगापुर, 28 मई. सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है. पी.वी. सिंधु, लक्ष्य सेन, पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है. भारतीय खिलाड़ियों के इस सामूहिक प्रदर्शन ने टूर्नामेंट में देश की उम्मीदों को और मजबूत कर दिया है.**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए जापान की अनुभवी खिलाड़ी रिको गुंजी को मात्र 37 मिनट में सीधे गेमों में पराजित किया. सिंधु ने पूरे मैच में आक्रामक शुरुआत की और दोनों ही गेम में शुरुआती बढ़त बनाकर विपक्षी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया. उनका स्मैश और नेट प्ले बेहद प्रभावी रहा. इस जीत के साथ सिंधु ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एन से-यंग से होगा. हालांकि, आंकड़े सिंधु के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि वह अब तक आठ मुकाबलों में उन्हें एक बार भी नहीं हरा पाई हैं, लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए मुकाबला रोमांचक रहने की उम्मीद है.

पुरुष एकल में भारत के युवा स्टार लक्ष्य सेन को भी आगे बढ़ने का अवसर मिला, हालांकि यह जीत उन्हें संघर्ष से नहीं बल्कि प्रतिद्वंद्वी के रिटायर होने के कारण मिली. थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न मात्र दो पॉइंट खेलने के बाद मैच से हट गए, जिससे लक्ष्य को आसान बढ़त मिल गई. अब उनका अगला मुकाबला जापान के कोकी वतानाबे से होगा, जो उनके लिए एक कड़ी चुनौती साबित हो सकता है. पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक बार फिर अपने दमदार खेल का प्रदर्शन किया. चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ उन्होंने पहले गेम में नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन दूसरे गेम में प्रतिद्वंद्वी ने वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया. इसके बावजूद भारतीय जोड़ी ने संयम बनाए रखते हुए तीसरे गेम में 21-18 से जीत दर्ज की. इस जीत के साथ उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 7-0 का बेहतरीन हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी कायम रखा. अब उनका सामना मलेशिया की मजबूत जोड़ी कांग खाई जिंग और आरोन ताई से होगा, जिनसे उन्हें पहले भी हार का सामना करना पड़ा है, जिससे यह मुकाबला और भी अहम हो गया है. मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने भी शानदार वापसी करते हुए जापान की मजबूत जोड़ी को हराया.

> पहला गेम हारने के बाद उन्होंने अगले दोनों गेमों में बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए मैच पलट दिया. उनकी यह जीत भारतीय बैडमिंटन के उभरते हुए युगल संयोजन की ताकत को दर्शाती है. क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई से होगा, जो उनके लिए एक बड़ी परीक्षा साबित होगी. सिंगापुर ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन अब तक बेहद प्रभावशाली रहा है और क्वार्टरफाइनल में कई उम्मीदें जिंदा हैं.

# दक्षिण अफ्रीका ने घोषित की टीम

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए 26 सदस्यीय स्क्वाड जारी

- कोच ह्यूगो ब्रूज ने प्रिटोरिया में किया टीम का ऐलान
- 2010 के बाद चौथी बार वर्ल्ड कप में उतरेगी टीम




**जोहान्सबर्ग, 28 मई. दक्षिण अफ्रीका ने फीफा विश्वकप 2026 के लिए 26 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है. टीम के मुख्य कोच ह्यूगो ब्रूज ने बुधवार को देश की राधानी प्रिटोरिया में एक सेंड-ऑफ डिनर के दौरान आधिकारिक रूप से फीफा विश्वकप 2026 के लिए 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया. टीम में घरेलू प्रतिभा पर भरोसा जताया गया है.**

विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप ए में मेक्सिको, दक्षिण कोरिया और चेक रिपब्लिक के साथ रखा गया है. 11 जून को, दक्षिण अफ्रीका अपने पहले ग्रुप मैच में मेक्सिको सिटी के मशहूर एज़्टेका स्टेडियम में मेजबान मेक्सिको का सामना करेगा, ठीक 16 साल बाद जब दोनों टीमें दक्षिण अफ्रीका में 2010 वर्ल्ड कप के पहले मैच में मिली थीं. यह वर्ल्ड कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चौथी मौजूदगी होगी.

### अफ्रीका की 26 सदस्यीय की टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** रॉनवेन विलियम्स (मैमेलोडी सनडाउन्स), रिकार्डो गॉस (सिवेलेले), सिफो चेन (ऑरलैंडो पाइरेट्स);
**डिफेंडर:** खुलिसो मुडाऊ (मामेलोडी सनडाउन्स), नकोसिनाथी सिबिसी (ऑरलैंडो पाइरेट्स), इमे ओकोन (हनोवर 96), खुलुमानी नडामने (मामेलोडी सनडाउन्स), ऑब्रे मोदिबा (मामेलोडी सनडाउन्स), मबेकेज़ेली म्बोकाज़ी (शिकागो फायर), सैमुकेले काबिनी (मोल्डे स्न्य), थबांग माटुलुडी (पोलोकवाने सिटी), ओल्वेथु माखन्या (फिलाडेल्फिया यूनियन), ब्रैडली क्रॉस (काइज़र चीफ्स);
**मिडफील्डर:** तेबोहो मोकोएना (मामेलोडी सनडाउन्स), टैलेंट मबाथा (ऑरलैंडो पाइरेट्स), स्फेफेलो सिथोले (सीडी टोंडेला), जेडन एडम्स (मामेलोडी सनडाउन्स);
**फॉरवर्ड:** कामोगेलो सेबेलेबेले (ऑरलैंडो पाइरेट्स), ओसविन एपोलिस (ऑरलैंडो पाइरेट्स), इकराम रेनर्स (मैमेलोडी सनडाउन्स), त्सेपांग मोरेमी (ऑरलैंडो पाइरेट्स), एविडेंस माकगोपा (ऑरलैंडो पाइरेट्स), लाइल फोस्टर (बर्नले), रेलेबोहिले मोफोकेंग (ऑरलैंडो पाइरेट्स), थेम्बा ज़्वाने (मैमेलोडी सनडाउन्स), थापेलो मासेको (एईएल लिमासोल)

# मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने नई जर्सी लॉन्च की

**मुंबई, 28 मई. टी20 मुंबई लीग के मौजूदा चैंपियन, मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने आने वाले सीजन के लिए गुरूवार को अपनी आधिकारिक जर्सी लॉन्च की. इसके साथ ही, उन्होंने एक नई और दमदार पहचान और एक कैंपेन के साथ अपने खिताब को बचाने की मुहिम शुरू कर दी है.**



यह कैंपेन टीम की निडर क्रिकेट खेलने की सोच से प्रेरित है. यह लॉन्च मुंबई में एक खास कार्यक्रम में हुआ, जिसमें टीम के मालिक कपिल बाहेती और अलीशा बाहेती के साथ-साथ मयंक खंडवाला और राज खंडवाला, एमएससी मराठा रॉयल्स के सीईओ पराग मोरे, टीम के कप्तान सिद्धेश लाड और मुख्य कोच अमित दानी भी मौजूद थे. एमएससी मराठा रॉयल्स की नई जर्सी का थीम 'द रॉयल रोर' है.

### एक नजर में

## खेल मंत्री 29-31 मई दौरे पर शिलांग जाएंगे

**नयी दिल्ली, 28 मई.** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 29 से 31 मई 2026 तक तीन दिवसीय दौरे पर मेघालय के शिलांग जाएंगे. इस दौरे का उद्देश्य राज्य में युवा मामलों, खेल बुनियादी ढांचे के विकास और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेना है. इस दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री युवा मामले विभाग द्वारा आयोजित 'चिंतन शिविर' में भी शामिल होंगे. मेघालय के खेल और युवा मामले मंत्री शाकलियार वारजरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे. डॉ. मांडविया 30 मई को मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के साथ मिलकर शिलांग में 'एकीकृत बहुउद्देशीय इनडोर खेल परिसर' का उद्घाटन भी करेंगे. यह 'एकीकृत बहुउद्देशीय इनडोर खेल परिसर' 132.9 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से विकसित किया जा रहा है. इसे एक आधुनिक और बहु-कार्यात्मक खेल सुविधा के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जहाँ बास्केटबॉल, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसे खेलों के साथ-साथ अन्य इनडोर खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा सकेगा. इस परिसर को राष्ट्रीय खेलों के लिए एक प्रमुख स्थल के रूप में भी परिकल्पित किया गया है.



## गुजरात को सूर्यवंशी से सतर्क रहना होगा : पठान

**न्यू चंडीगढ़, 28 मई.** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफ़ान पठान ने गुजरात टाइटंस से क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सतर्क रहने के लिए कहा है. स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' शो पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट इरफ़ान पठान ने क्वालीफायर दो पर अपनी राय दी. पठान ने कहा, 'दूसरे क्वालिफ़ायर में उतरते समय गुजरात टाइटंस के पास एक साफ़ रणनीति होनी चाहिए: पहले बल्लेबाजी करें और बोर्ड पर 200 से ज़्यादा रन बनाएँ. हो सकता है कि उनके पास सबसे ज़्यादा ग्लैमरस या सितारों से सजी टीम न हो, लेकिन वे एक बेहद अनुशासित टीम हैं. हर खिलाड़ी अपनी भूमिका जानता है और बिना किसी घबराहट के उसे बखूबी निभाता है. वे सिर्फ़ एक या दो मैच-विनर्स पर निर्भर नहीं रहते. इसके बजाय, वे एक टीम के तौर पर जीतते हैं - जिसमें गेंदबाज़ी में समझदारी भरे बदलाव, कसी हुई फ़ील्डिंग और सोची-समझी बल्लेबाजी की अहम भूमिका होती है. इस तरह के अनुशासन को तोड़ना बहुत मुश्किल होता है. इसलिए, इस बात की पूरी संभावना है कि जीटी, राजस्थान रॉयल्स के इस विजय रथ को रोक सकती है. अगर कोई टीम ऐसा कर सकती है.



## रचिन रवींद्र और टॉम ब्लंडल के शतक



**बेलफास्ट, 28 मई.** टॉम ब्लंडल (नाबाद 142) और रचिन रवींद्र (121) की शतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 361 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है. आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसने 86 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे. कप्तान टॉम लेथम (शून्य), डेवन कॉन्वे (चार), केन विलियमसन (36) और डैरिल मिचेल (एक) रन बनाकर आउट हुये. ऐसे संकट के समय टॉम ब्लंडल ने रचिन रवींद्र के साथ पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवे विकेट लिये 217 रनों की साझेदारी हुई. 78वें ओवर में हैरी टेक्टर ने शतक बना चुके रचिन रवींद्र को आउटकर आयरलैंड को पांचवीं सफलता दिलाई. रचिन रवींद्र ने 194 गेंदों में 11 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 121 रन बनाये. पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 361 रन बना लिये थे. टॉम ब्लंडल (नाबाद 142) और डीन फ़ॉक्सक्रॉफ़्ट (नाबाद 38) रन क्रीज पर मौजूद थे. आयरलैंड के लिए मार्क ऐडेर ने तीन विकेट लिये.

# आईसीसी ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए की घोषणा

**दुबई, 28 मई. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को आगामी महिला टी-20 विश्वकप 2026 के लिए अधिकारियों के पैनल की घोषणा कर दी है.**

यह महिला टी-20 विश्व कप का लगातार तीसरा एडिशन होगा जिसमें पूरी तरह से महिला मैच अधिकारियों पैनल होगा, जिसमें कैंडेस ला बोर्डे, गायत्री वेणुगोपालन, केरिन क्लास्टे और शतिरा जाकिर जेसी सभी 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में अपने टूर्नामेंट में पर्दापण करेंगी.

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, 'आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए मैच अधिकारियों का यह पैनल खेल के सभी पहलुओं में प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ाने के आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाता है. हम इन अधिकारियों की प्रोग्रेस और आईसीसी सीडब्ल्यूसी 2025 के दौरान उनके द्वारा दिखाए गए ऊंचे मानकों को देखकर बहुत खुश हैं. जैसे ही हम दुनिया के सबसे बड़े महिला स्पोर्टिंग प्रतियोगिता को आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं, यह चयन इस एथलेटिक स्पर्धा को और बढ़ाएगा.' टी-20 विश्व कप के 33 मैचों में कुल 14 अंपायर और चार मैच रेफरी इस्तेमाल किए जाएंगे, जिसमें 2024 एडिशन से मैच अधिकारियों की टीम के नौ सदस्य आने वाले इवेंट के लिए वापस आएंगे.

# स्वियातेक तीसरे दौर में, पाओलिनी बाहर

## चैंपियन स्वियातेक ने सारा बेजलेक को 6-2, 6-3 से हराया



**पेरिस, 28 मई. इगा स्वियातेक फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुँच गयी हैं, जबकि 13वीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी अप्रत्याशित रूप से टूर्नामेंट से बाहर हो गई. चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियातेक ने चेक गणराज्य की किशोरी सारा बेजलेक को 6-2, 6-3 से हराया.**

रूसी किशोरी मिरा आंद्रीवा और स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक भी बुधवार को सुरक्षित रूप से तीसरे दौर में पहुँच गईं.

मैच के बाद स्वियातेक ने कहा, 'लय के लिहाज़ से यह एक मुश्किल मैच था, क्योंकि सारा ज़्यादातर खिलाड़ियों से अलग तरह से खेलती है. लेकिन मैं जिस तरह से खुद को ढाल पाई और जिस तरह से मैंने फैसले लिए, उससे मैं खुश हूँ; क्योंकि कभी-कभी, हाँ, यह तय करना इतना आसान नहीं था कि कब आगे बढ़कर आक्रमण करना है और कब पीछे रहना है.' स्वियातेक अब इस दशक में खेले गए सभी 24 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों के तीसरे दौर में पहुँच चुकी हैं.

> इटली की 13वीं सीड पाओलिनी भी अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा से तीन सेटों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं. चीन की खिलाड़ी वांग शियू तीसरे दौर में पहुँच गईं, जब पहले सेट के दौरान उनकी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी हेली बैपटिस्ट चोट के कारण मैच से हट गईं. वांग शियू महिला सिंगल्स ड्रॉ में बची एकमात्र चीनी खिलाड़ी बन गईं, जब वांग शिन्यू जर्मनी की तमारा कोरपाच से 6-2, 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गईं.

# डिफेंडिंग चैंपियन भोपाल लेपर्ड्स ने किया टीम का ऐलान

**भोपाल (मध्य प्रदेश), 28 मई. डिफेंडिंग चैंपियन भोपाल लेपर्ड्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है. टीम में अनिकेत वर्मा और अरशद खान जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, वहीं प्रियांशु शुक्ला को मोहम्मद अरशद खान के मैच-टू-मैच रिप्लेसमेंट के रूप में मंजूरी दी गई है.**

एचएमजी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली भोपाल लेपर्ड्स के अभिषेक मोहन गुप्ता ने कहा, 'हमने टीम को अनुभवी और युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के संतुलन के साथ तैयार किया है. आगामी सीजन को लेकर टीम बेहद उत्साहित है और हमें विश्वास है कि हम इस सीजन में भी अपनी छाप छोड़ने में सफल होंगे.'

मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप का नया सीजन 3 जून से शुरू होने जा रहा है. पुरुष वर्ग के उद्घाटन मुकाबले में ग्वालियर चीताज का सामना उज्जैन फाल्कन्स से होगा, तो वहीं भोपाल लेपर्ड्स अपने अभियान की शुरुआत 4 जून को इंदौर पिंक पैंथर्स के खिलाफ करेगी. यह मुकाबला इंदौर के होलकर स्टेडियम में शाम के मैच के रूप में खेला जाएगा.

> एमपीएल 2026 अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होने वाला है, जिसमें 10 पुरुष और पांच महिला फ्रेंचाइजियां हिस्सा लेंगी. पुरुष वर्ग में इस बार तीन नई फ्रेंचाइजियों, मालवा स्टैलियंस, उज्जैन फाल्कन्स और रॉयल निमाड़ ईगल्स को शामिल किया गया है, जबकि महिला वर्ग में भी ग्वालियर शेरनिस और रॉयल निमाड़ ईगल्स जैसी दो नई टीमें जोड़ी गई हैं. इस बार एमपीएल में जिस तरह से टीमों और मुकाबलों को बढ़ाया गया है, निश्चित तौर पर यह अब तक का सबसे सफल संस्करण होने वाला है.

## इंदौर पिंक पैंथर्स की टीम घोषित, वेंकटेश अय्यर पर होंगी निगाहें

**इंदौर.** इंदौर पिंक पैंथर्स ने आगामी मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है. टीम में स्टार ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को शामिल किया गया है, जिनकी मौजूदा आईपीएल फॉर्म को देखकर पैंथर्स की स्थिति बहुत मजबूत नजर आ रही है. मोइरा ग्रुप के स्वामित्व वाली इंदौर पिंक पैंथर्स के डायरेक्टर संदीप जैन ने टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि, 'हमने ऐसी टीम तैयार की है जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का बेहतरीन संतुलन है.



# 6 राज्यों के 80 से अधिक सर्फर लेंगे हिस्सा

**मंगलुरु, 28 मई. भारतीय सर्फिंग इस सप्ताह अपने घरेलू इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण चरणों में से एक में प्रवेश कर रही है, जब राष्ट्रीय सर्फिंग सर्किट के प्रमुख टूर्नामेंटों में शामिल सातवें एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग 2026 का आयोजन 29 से 31 मई तक मंगलुरु के ब्लू बे तन्नीरभावी इको बीच पर होगा. यहां देश के कई शीर्ष सर्फर एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे.**

इस वर्ष बाद में आइची-नागोया एशियाई खेलों में सर्फिंग के ऐतिहासिक पदार्पण की पृष्ठभूमि में आयोजित यह चैंपियनशिप केवल घरेलू खिताबों की लड़ाई तक सीमित नहीं है. पुरुष ओपन, महिला ओपन, अंडर-18 बॉयज, अंडर-18 गर्ल्स, अंडर-14 बॉयज और अंडर-14 गर्ल्स वर्गों में होने वाली इस प्रतियोगिता में कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और गोवा के 80 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. यह सप्ताह भारत के कई शीर्ष सर्फरों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है.

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के तत्वावधान में मंत्रा सर्फ क्लब और सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंडियन ओपन लगातार राष्ट्रीय कैलेंडर के प्रमुख आयोजनों में अपनी जगह मजबूत करता गया है. कर्नाटक सरकार लगातार सातवें वर्ष इस प्रतियोगिता का समर्थन कर रही है, जबकि न्यू मंगलुरु पोर्ट अथॉरिटी (एनएमपीए) लगातार तीसरे वर्ष टाइटल स्पॉन्सर के रूप में जुड़ी हुई है.

### एशियाई खेलों की तैयारी से बढ़ा मंगलुरु का महत्व


इस वर्ष की चैंपियनशिप को एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम चयन से पहले अंतिम बड़े घरेलू मूल्यांकन टूर्नामेंट के रूप में देखा जा रहा है, जिससे तीन दिनों की इस प्रतियोगिता का महत्व और बढ़ गया है.

**आईपीएल 2026** ▶ मुल्लांपुर में राजस्थान-गुजरात के बीच हाईवोल्टेज भिड़ंत

# सूर्यवंशी पर सबकी नज़र क्वालीफायर 2 में

- 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी से बड़ी पारी की उम्मीद
- गुजरात टाइटन्स को फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौक

**मुल्लांपुर. राजस्थान रॉयल्स के निडर युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर सबकी नजरों का केंद्र होंगे, जब शुक्रवार को मुल्लांपुर में आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में उनकी टीम का मुकाबला जीटी से होगा.**




इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी शानदार बल्लेबाज़ी से राजस्थान की बैटिंग लाइनअप को पूरी तरह बदल दिया है. अब मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा की अगुवाई वाली गुजरात की मजबूत तेज़ गेंदबाज़ी के सामने इस टूर्नामेंट के सबसे विस्फोटक युवा बल्लेबाज़ को रोकने की चुनौती है.

जब इस सीज़न में ये दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने हुई थीं, तो सिराज ने एक लंबा छक्का खाने के बाद, आखिरकार एक शॉर्ट बॉल पर सूर्यवंशी को आउट कर दिया था. रबाडा को भी इस युवा बल्लेबाज़ की निडर बैटिंग के सामने काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था.

लेकिन उसके बाद से, सूर्यवंशी ने अपने खेल के स्तर को और भी ऊपर उठा लिया है. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में सिर्फ 29 गेंदों पर बनाए गए उनके 97 रनों की तूफानी पारी ने क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया और रॉयल्स को एक और नॉकआउट मुकाबले में पहुंचा दिया.

मुल्लांपुर की पिच एक बार फिर बल्लेबाज़ों के लिए मददगार साबित होने की उम्मीद है, ऐसे में यह युवा खिलाड़ी विपक्षी गेंदबाज़ों की साख की परवाह किए बिना अपनी आक्रामक बल्लेबाज़ी जारी रखेगा. पैट कमिंस को इस बात का सीधा अनुभव इसी हफ़्ते हुआ, जब सूर्यवंशी ने बिना किसी हिचकिचाहट के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाज़ पर ज़ोरदार प्रहार किया.